एक नजर में

## नवरात्र में देवीतत्व सामान्य से 1000 गुना कार्यरत

इंदौर. महिषासुर के संहार के लिए अवतरित हुई श्री दुर्गादेवी का उत्सव ही नवरात्र है. नवरात्र देवी का व्रत है. अनेक स्थानों पर यह व्रत कुलाचार के रूप में भी मनाया जाता है. कई राज्यों में इसे उत्सव का रूप भी दिया गया है. इस उत्सव में आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक 9 दिनों का व्रत रखकर देवी की भावपूर्ण आराधना की जाती है. इस वर्ष नवरात्रि आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 22 सितम्बर से प्रारम्भ हो रही है. सनातन संस्था, मध्यप्रदेश की संध्या आगरकर ने बताया कि इस उत्सव से देवीतत्व का लाभ मिलता है; किन्तु आजकल नवरात्रोत्सव के विकृत स्वरुप के कारण न केवल देवीतत्व का लाभ मिलना कम हुआ है बल्कि उसकी पवित्रता भी घट गयी है. इस उत्सव में हो रहे अनुचित आचरणों को रोककर उसका पावित्र्य बनाए रखना, यही समयानुसार धर्मपालन है. जब-जब संसार में तामसी, आसुरी और क्रूर लोग प्रबल होकर सात्त्विक एवं धर्मनिष्ठ सज्जनों को पीड़ा देते हैं, तब-तब देवी धर्म की स्थापना हेतु पुनः अवतार लेती हैं. यह व्रत उसी देवी का है. नवरात्र में देवीतत्व सामान्य से 1000 गुना अधिक कार्यरत होता है. अधिकाधिक लाभ हेतु इस काल में 'श्री दुर्गादेव्यै नमः' नामजप करना चाहिए.




## सर्वपितृ अमावस्या पर सामूहिक तर्पण किया गया



इंदौर. श्री औदुम्बर ब्राह्मण महासभा इंदौर द्वारा द्वारा सर्वपितृ अमावस्या पर सामूहिक तर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया. पंडित मयंक जोशी के आचार्यत्व तथा पंडित सौरभ जोशी के सानिध्य में उपस्थित समाज जनों ने देव, ऋषि एवं पितृ तर्पण किया. पंडित मयंक जोशी ने कहा कि श्रद्धा भक्ति एवं विश्वास के साथ यह तर्पण करने से हमारे पितृ प्रसन्न होते हैं तथा आशीर्वाद देते हैं. इस अवसर पर महासभा अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, महासंघ अध्यक्ष प्रदीप जोशी तथा मनीष पाठक ,योगेश द्विवेदी, आत्मिक शर्मा, दिलीप दुबे, शैलेंद्र शर्मा, गोपेश उपाध्याय, विकास शर्मा, केशव दुबे, ऋतिक पाठक, सौरभ शर्मा, राजेंद्र कुमार दुबे ,राधेश्याम दुबे, सुर्यकुमार चौधरी, किशोर पाठक, धीरज दुबे आदि उपस्थित थे. आभार माना महासभा अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने. तर्पण पश्चात महासभा इंदौर के दिवंगत अध्यक्षों की महासभा कार्यालय में लगी तस्वीरों पर अध्यक्ष एवं उपस्थित जनों में माल्यार्पण किया.

## गीता भवन में स्वामी यज्ञधरानंद के भक्तियोग प्रवचन

इंदौर. रामकृष्ण मिशन जम्मू के सचिव स्वामी यज्ञधरानंद द्वारा भगवत गीता के बारहवे अध्याय पर आधारित भक्तियोग प्रवचन की शब्द गंगा का आयोजन गीता भवन के संस्थापक स्वामी बालमुकुंद की स्मृति में हुआ. उन्होंने बारहवे अध्याय के बीस श्लोकों की व्याख्या सरलतम शब्दो में की ताकि सभाकक्ष मे उपस्थित सभी गीतानुरागी ग्राहय कर सके. उनके प्रवचन की मुख्य बात थी की आज के दौर की द्रुतगति की दिनचर्या मे अगर समय प्रबंधन कठिन प्रतीत होता है तो जो भी कार्य करे उसे ही मुझे अर्पित कर दे ये भी मुझ तक पहुँचने का श्रेष्ठ मार्ग है. इंदौर को अपनी जन्मस्थली बताते हुए सबसे स्वच्छ शहर मे आना हर्ष और भावनात्मक जुड़ाव का विषय बताया. इस अवसर पर संजीव कोहली, मनीष जोशी, संदीप रावल, निर्लेश तिवारी आदि उपस्थित थे.



## भाजपा जिला इंदौर द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण व रक्तदान शिविर




इंदौर. प्रधानमंत्री नरेंद्र जी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े के अंतर्गत भाजपा जिला इंदौर द्वारा राऊ विधानसभा के मां बिजासन मंडल में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, जिला संयोजक रामस्वरूप गहलोत और चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ बालाराम गुप्ता, मंडल अध्यक्ष श्री रवि चौधरी की उपस्थिति में कलारिया में स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ. चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक डॉ बालाराम गुप्ता ने बताया कि आयोजन को दो भागों में किया गया एक तरफ स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें समान्य स्वास्थ्य से जुड़ी जांचे ब्लड शुगर, बीपी, थायरायड, हीमोग्लोबिन, सर्दी-बुखार आदि जांचे कर निशुल्क दवाइयां वितरित की गई. वहीं दूसरी ओर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया. इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रविंद्र चौधरी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह पवार, विजेंद्र जाट, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष राजू दरबार, जिला पंचायत सदस्य दिलीप पटेल, भूपेंद्र चौहान, सरपंच श्री दिनेश एवं सरपंच जीतेंद्र चौधरी सहित भाजपा के ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## त्याग की भावना सदैव होना चाहिये : श्रुत मुनि




इंदौर. हर समय कर्मो के बंध होते हैं तो हम कर्म निर्जरा कैसे करेगें. हम हर क्षण यह चिन्तन में रहे कि हमारे कर्मो के बंध कम से कम हो. महावीर भवन में उपप्रवर्तक श्रुतमुनि महाराज ने कहा कि वन्दना के द्वारा अनन्त कर्मो की निर्जरा होती है. व्यवहार वन्दना से भाव फलित हो जाते है. शरीर झुक गया, भाव झुक गये, आत्मा में अहोभाव आ जाये, क्षमा भाव आ जाये, जीवन में इन भावों के साथ वन्दना करों तो अनंत कर्मो कि निर्जरा हो जायेगी. कर्म निर्जरा में त्याग महत्वपूर्ण है. त्याग की भावना सदैव होना चाहिये. जब हम क्रोध, मान, माया, लोभ को जीतते है और क्षमा, विनय, सादगी, स्वाध्याय को अपनाते है तो कर्म निर्जरा होती है.आज तप शिरोमणी पूज्य अक्षर मुनि जी महाराज के 31 उपवास की तपस्या गतिमान है. संगीता कांकरेचा ने 32 उपवास और हेमन्त भटेवरा के 32 उपवास के पच्चखाण ग्रहण किये. संघ की ओर से सभी तपस्वीयों की अनुमोदना की गई. महालक्ष्मी नगर जैन स्थानक से महिला मंडल का गुरूदेव के दर्शनार्थ महावीर भवन में पदार्पण हुआ .धर्म सभा का संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया.

## ब्रिजस्टोन जीएसटी दर में कटौती का फायदा ग्राहकों को देगा

इंदौर. ब्रिजस्टोन इंडिया ने घोषणा की कि कंपनी भारत सरकार के जीएसटी दर में कटौती के फैसले के बाद इसका फायदा अपने ग्राहकों तक पहुँचाएगी. नई कीमतें 22 सितंबर से लागू होंगी, जिससे कमर्शियल और पैसेंजर गाड़ियों के सभी ग्राहकों को फायदा होगा. कंपनी ने इस बात पर जोर दिया कि, कीमतों में यह कटौती उनके प्रीमियम, स्टैंडर्ड और स्पेशलिटी टायरों की पूरी रेंज पर लागू होगी. ब्रिजस्टोन इंडिया के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर राजर्षि मोइत्रा ने कहा, सरकार के इस फैसले में मोटर वाहनों के इकोसिस्टम को मजबूत करने की दूरदर्शी सोच की झलक दिखती है, और इसके लिए हम माननीय प्रधानमंत्री और सरकार को धन्यवाद देते हैं. जीएसटी में इस कटौती का फायदा अपने ग्राहकों तक पहुँचाना ब्रिजस्टोन इंडिया के लिए गौरव की बात है, जिससे न सिर्फ दाम कम होंगे बल्कि आवागमन के सस्टेनेबल और सुरक्षित तरीकों को भी बढ़ावा मिलेगा.

# नमो मैराथन में हजारों युवाओं ने लगाई दौड़

### मंत्री ने दिखाई हरी झंडी, नशा मुक्त और स्वच्छ इंदौर की दिलाई शपथ




नव भारत न्यूज

**इंदौर.** सेवा पखवाड़ा के तहत आज सुबह शहर में नमो मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया. मैराथन में भाग लेने वालों को मंत्री तुलसी सिलावट ने ध्वज दिखाकर दौड़ शुरू करवाई. इस दौरान शहर को नशा मुक्त और स्वच्छ इंदौर रखने की शपथ दिलवाई गई.

पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन तक प्रदेश में भाजपा सेवा पखवाड़ा मना रही है. पखवाड़े के दौरान शहर में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. इसी के तहत आज सुबह आत्मनिर्भर भारत , विकसित भारत विषय पर नमो मैराथन की गई । नमो मैराथन दौड़ राजीव गांधी चौराहा से भंवरकुआ चौराहा तक की गई. मैराथन में बड़ी संख्या में युवा, खिलाड़ियों, सामाजिक संस्थाओं, नगर निगम अमला, अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि, नागरिकों ने भाग लिया. मैराथन के पहले प्रतिभागियों ने एरोबिक्स भी किया. सेवा पखवाड़े में अ मैराथन दौड़ के पहले युवाओं, बुजुर्ग और बच्चों को नशे से दूर रहने और शहर को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई गई. मैराथन दौड़ में सभी आयु वर्ग नागरिकों ने भाग लिया। मैराथन दौड़ के विजेताओं को नगद राशि और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया. मैराथन में राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेंद्र हार्डिया, गोलू शुक्ला, रमेश मेंदोला, मधु वर्मा, कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव, एमआईसी सदस्य नंदू पहाड़िया, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, प्रदेश प्रवक्त आलोक दुबे सहित अन्य कई गणमान्य नागरिक शामिल हुए.

### युवाओं से फिट रहने का आह्वान

मंत्री तुलसीराम सिलावट ने उपस्थित युवाओं को आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने का, स्वच्छता, नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया. नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की आजादी के 100 वीं वर्षगाँठ तक देश को विकसित बनाने का संकल्प लिया है. उन्होंने युवाओं से भारत को विकसित बनाने के लिए युवाओं से फिट रहने का आह्वान किया है, इसलिए आज नमो युवा रन का आयोजन किया गया है.

# घटस्थापना के साथ आज से शुरू होगा नौ दिनी देवी आराधना का पर्व

**इंदौर**. देवी मां की उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर अश्विनी शुक्ल प्रतिपदा सोमवार को ग्रह गोचर के शुभ संयोग में कलश स्थापना के साथ आरंभ होगा. घरोंघर घट स्थापना की जाएगी. शहर के पंडालों में मां दुर्गा को विराजित किया जाएगा. शहर के प्रमुख मंदिरों बिजासन माता, अन्नूपर्णा, विद्याधाम, खजराना स्थित काली मां मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष श्रृंगार के साथ विभिन्न आयोजन किए जाएंगे. नौ दिन शहर माता की भक्ति में जूब नजर आएगा. नौ दिवसीय देवी मां आराधना पर्व नवरात्रि सोमवार को क्षेत्र के देवी मंदिरों व देवी पंडालों में घट स्थापना के साथ प्रारंभ होगा. एक ओर जहां घरों में घट स्थापना के लिए विशेष तैयारियां की गई है, वहीं मंदिरों में भी विशेष आयोजन किए जा रहे हैं. मंदिरों को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है. साथ ही गरबा पंडालों में भी गरबों और पूजन की विशेष व्यवस्था की गई है. शुभ मुहूर्त में शहरवासी माता को ढोल-ढमाकों के साथ घरों में लाकर विराजित करेंगे और नौ दिन माता की आराधना करेंगे. शहर में कई स्थानों पर गरबों के विशेष आयोजन किए गए हैं. ज्योतिषियों के अनुसार इस बार बुद्धआदित्य राजयोग भद्रराजयोग धनयोग गजकेसरी राजयोग का शुभ संजोग रहेगा. इस वर्ष माता का वाहन हाथी होकर वर्ष के लिए अच्छा रहेगा. घट स्थापना 22 सितंबर को प्रात: 6 बजे से 7.30 तक अमृत योग एवं शुभ योग प्रात 9:00 बजे से 10:30 बजे रहेगा. इस योग में पूजन पाठ के लिए समय अच्छा रहेगा 30 सितंबर को महाष्टमी एवं 1 अक्टूबर को महानवमी पर्व रहेगा इस वर्ष नवरात्रि का फल मिला-जुला रहेगा.




## पर्यावरण संरक्षण के लिए आज नो कार डे

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर में कॉर्बन उत्सर्जन कम करने और पर्यावरण संरक्षण को लेकर निगम की पहल पर आज नो कार डे रहेगा. इस दौरान शहर में गीता भवन से पलासिया तक का पूरा क्षेत्र कार फ्री ज़ोन रहेगा. नो कार डे का उद्देश्य नागरिकों को निजी वाहनों की जगह पर्यावरण मित्र साधन साइकिल, सार्वजनिक परिवहन और पैदल चलने के लिए प्रेरित करना है.

स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नए आयाम स्थापित करने के बाद शहर में यातायात सुधार और प्रदूषण नियंत्रण की मिसाल कायम होगी. नगर निगम आज शहर में नो कार डे रखा है. नगर निगम को उक्त अभियान से पिछले वर्षो में उल्लेखनीय सफलता मिली थी. वर्ष 2023 में 80 हजार लीटर ईंधन की बचत और वायु गुणवत्ता सूचकांक में 18 प्रतिशत सुधार दर्ज किया गया था. उस समय शहर के सभी जनप्रतिनिधियों के साथ ही कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, तत्कालीन पुलिस कमिश्नर मकरंद देउस्कर और तत्कालीन नगर आयुक्त हर्षिका सिंह ,आरटीओ सहित शहर के सभी अधिकारियों ने स्वयं कार का उपयोग न कर उदाहरण प्रस्तुत किया था. इसके बाद 2024 में पेंटिंग प्रतियोगिता, मैस्कॉट लॉन्च और म्यूज़िकल इवेंट्स के माध्यम से अभियान का विस्तार किया गया. परिणामस्वरूप एक लाख पचास हजार लीटर ईंधन की बचत और वायु गुणवत्ता में 38 प्रतिशत सुधार दर्ज हुआ. इससे उक्त अभियान शहरवासियों के सहयोग ने आंदोलन का रूप दे दिया. इस वर्ष भी उक्त अभियान को सफल बनाने के लिए आज शाम 56 दुकान क्षेत्र में संगीत संध्या का आयोजन किया गया. संगीत संध्या में अधिकारी और ट्रैफिक हीरोज़ उपस्थित रहकर नागरिकों से नो कार डे को सफल बनाने की अपील करेंगे. कल सुबह पलासिया से राजवाड़ा होते हुए वापस पलासिया तक साइक्लोथॉन का आयोजन किया जाएगा.

# निर्माणाधीन भवन के आगे अवैध निर्माण नहीं हो : निगमायुक्त

**बिल्डिंग मटेरियल से सड़क बाधित नहीं हो**

**भवन अधिकारी और भवन निरीक्षक करें कार्यवाही**



नव भारत न्यूज

**इंदौर**. आज निगमायुक्त ने अपने निरीक्षण में भवन अधिकारी और निरीक्षक को निर्माणाधीन भवन के आगे सफाई और अवैध निर्माण नहीं होने की चेतावनी दी. साथ रीजनल पार्क में सफाई व्यवस्था को लेकर दरोगा को फटकार भी लगाई. साथ ही आईटी चौराहे के जीटीस का निरीक्षण किया.

आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने आज सुबह शहर के अटल बिहारी बाजपेई उद्यान (रीजनल पार्क) एवं जोन 18 में विभिन्न क्षेत्रों सहित आईटी चौराहे स्थित जीटीएस का निरीक्षण किया. आयुक्त ने अग्रवाल नगर, भंवरकुआं, जानकी नगर, सपना संगीता रोड, मैकेनिक नगर, ओल्ड अग्रवाल नगर, अग्रसेन नगर चौराहे का दौरा किया. रीजनल पार्क में तैनात कर्मचारियों की समीक्षा करने के निर्देश दिए. रीजनल पार्क में जो कर्मचारी कार्य नहीं कर रहे है, उनको हटाने के लिए कहा गया. इस दौरान पार्क में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाए जाने पर दरोगा मंगल चौहान को फटकार लगाई एवं सफाई व्यवस्था सुधारने करने के निर्देश दिए. इसके बाद आयुक्त ने अग्रवाल नगर और जानकी नगर बगीचे में नए बने गजीबो में जनता के बैठने वाली कुर्सी की चौड़ाई मात्र 9 इंच होने पर सब इंजीनियर को डांटा. नागरिकों के बैठक कुर्सी की चौड़ाई बढ़ाने और पाथवे ब्लॉक व्यवस्थित करने के निर्देश दिए.

### एमओएस पर चढ़ाव व दीवार तोड़ने के

आयुक्त यादव ने निरीक्षण के दौरान देखा कि निर्माण कार्य के दौरान सड़क पर बिल्डिंग मटेरियल फैला होने से यातायात बाधित हो रहा है. उक्त मामले में सभी भवन अधिकारी एवं भवन निरीक्षक को अपने-अपने जोन क्षेत्र में निर्माणाधीन भवन का बिल्डिंग मटेरियल रोड पर न फैले तथा रोड का आवागमन व्यवस्थित करने के आदेश जारी किए. अग्रवाल नगर में बाहर रोड किनारे पर चौकीदार के लिए बने चद्दर शेड हटाने का अधिकारियों से कहा है. अग्रसेन नगर चौराहे पर सपना संगीता रोड एवं ओल्ड अग्रवाल नगर में निर्माणाधीन बिल्डिंग में एमओएस पर चढ़ाव एवं बनी दीवार तोड़ने का अधिकारी से कहा गया.

### पार्किंग एरिया खुला रखें

आयुक्त ने अपर आयुक्त भवन अनुज्ञा से कहा कि सभी भवन अधिकारी व निरीक्षक को पार्किंग एरिया खुला रखने व निर्माणाधीन भवन के सामने साफ रखने और अवैध निर्माण या अतिक्रमण ना हो इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए. रिंगरोड आईटी चौराहे पर स्थित जीटीएस का दौरा कर कितना कचरा, कितनी गाड़ी और कितनी कैपिसिटी है, इसकी जानकारी लेकर ग्रीन वेस्ट हटाने के निर्देश दिए.

# ऊर्जा आत्मनिर्भरता में इंदौर बनेगा नेट जीरो सिटी

### अनुभवी एवं युवा प्लानर्स की संगोष्ठी




नव भारत न्यूज

**इंदौर.** इंदौर को नेट जीरो शहर यानि ऊर्जा की पूर्ण आत्मनिर्भरता हमारे भविष्य के शहरों को रहने लायक बनाएगी. इसकी तैयारी इंदौर शहर में अगर आज से शुरू करेंगे, तो 2070 तक हम अपने लक्ष्यों की प्राप्त कर सकते हैं.

यह बात प्लानर डॉ मनमोहन काप्शे ने भविष्य के लिए नेट जीरो सिटीज की उपयोगिता पर कही. इंस्टीटाइट ऑफ टाऊन प्लानर्स इंडिया इंदौर रीजनल सेंटर द्वारा अनुभवी एवं युवा प्लानर्स की संगोष्ठी आयोजित की. उक्त बैठक में इंदौर से जुड़े प्लानिंग के मुद्दों पर चर्चा की गई. बैठक में वरिष्ठ प्लानर डॉ मनमोहन काप्शे शहर में ऊर्जा आत्निर्भरता पर बताया कि ऊर्जा का ये सफर बहुत लंबा है. इसे शुरू करना ही, आने वाली सभ्यताओं और वर्तमान पीढ़ी को सौगात होगी. हम भविष्य को सिर्फ उच्च कोटि की प्लानिंग द्वारा ही मूर्त रूप दे सकते हैं.

उक्त मुद्दे पर शहर के टीएनसीपी ज्वाइंट डायरेक्टर प्लानर शुभाशीष बनर्जी ने सस्टेनेबल प्लानिंग मैथड्स पर अपने विचार व्यक्त किए. उन्होंने बताया कि इंदौर मास्टर प्लान में जलवायु और सस्टेनेबिलिटी से संबंधित इनपुट्स को सम्मिलित किया जा रहा है.

### बेहतर प्लानिंग को लेकर सुझाव दिए

सभी प्लानर्स ने इंदौर शहर के भविष्य को संवारने के लिए योगदान देने का संकल्प लिया एवं समय समय पर अपनी सेवाएं देने पर सहमति प्रदान की. बैठक में मौजूद प्लानर्स ने शहर की विसंगतियों और बढ़ती जनसंख्या के बीच बेहतर प्लानिंग को लेकर अपने अपने सुझाव दिए गए. उक्त सुझाव शहर में मास्टर प्लान में कैसे शामिल हो इसकी रूप रेखा बनाने पर चर्चा की गई. वर्तमान में शहर के 70 अर्बन प्लानर्स इस चैप्टर से जुड़े हुए हैं, जो अपने संगठन से इंदौर को सेवाएं देने के लिए तत्पर है. इंदौर सेंटर के चेयरमैन वरिष्ठ प्लानर डी एल गोयल ने स्वागत किया एव सेंटर की सेक्रेटरी प्लानर प्रकृति सेठी ने आभार माना.



## अग्र चेतना महिला मंडल ने निकाली प्रभातफेरी

**इंदौर. परदेशीपुरा अग्र चेतना महिला मंडल के तत्वावधान में पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन के जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में शिवधाम परदेशीपुरा से भव्य प्रभातफेरी निकाली गई.**

बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने परंपरागत परिधान में गरबा नृत्य करते हुए शामिल होकर महाराजा अग्रसेन के जयघोष से समूचे क्षेत्र को गुंजायमान बनाए रखा.

महिला मंडल की ओर से तृप्ति मित्तल, गायत्री मित्तल, आभा अग्रवाल, शोभा मित्तल, शिल्पा बंसल, अरुणा ऐरन, मोना बंसल, ममता अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, साधना बंसल, सुशीला अग्रवाल, नीता अग्रवाल, सीता गोयल, पुष्पा गुप्ता, तृप्ति गोयल, पिंकी अग्रवाल, स्वाति मंगल सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई. प्रभातफेरी शिवधाम से शुरू होकर परदेशीपुरा चौराहा, गली नंबर 2 एवं 4 से होते हुए परदेशीपुरा मेनरोड से होते हुए राखोड़ीवाला भवन पर पहुंची. प्रभातफेरी में समाजसेवी गणेश गोयल, जगदीश बाबाश्री, किशोर गोयल, अजय गोयल, पार्षद मृदुल अग्रवाल, राजू समाधान, अजय मित्तल, सोनू अग्रवाल, सत्यप्रकाश अग्रवाल, रवि अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, नीरज गोयल, नितेश बंसल आदि मुख्य रूप से शामिल हुए. अतिथियों का स्वागत योगेश बंसल, मुकेश अग्रवाल, विनय गुप्ता तथा महिला मंडल की ओर से तृप्ति मित्तल, आभा अग्रवाल, गायत्री मित्तल आदि ने किया.



## अग्रसेन जयंती महोत्सव का जुलूस आज

**इंदौर. 130 अग्रवाल संगठनों की प्रतिनिधि शीर्ष संस्था श्री अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के तत्वावधान में 22 सितम्बर को शाम शाम 5 बजे राजबाड़ा चौक से जेलरोड स्थित चिमनबाग मैदान तक निकाले जाने वाले जुलूस में पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन के सुसज्जित रथ को को मातृशक्ति अपने हाथों से खींचते हुए चलेंगे.**

चिमनबाग मैदान पर महाराजा अग्रसेन एवं कुलदेवी महालक्ष्मी के सुसज्जित दरबार सजाकर महाआरती होगी. केन्द्रीय समिति के प्रमुख संरक्षक विनोद अग्रवाल, अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल के मार्गदर्शन में प्रमुख प्रभारी गणेश गोयल ने बताया कि जुलूस में गरबा एवं भजन मंडलियां, झांज-मंजीरा पार्टी, बैंड दल, पंजाबी ढोल, हनुमान ढोल सहित अनेक वाद्य यंत्रों की सुर एवं स्वर लहरियों के बीच मंगल कलशधारी महिलाएं परंपरागत परिधान में शामिल रहेंगी. कुलदेवी महालक्ष्मी की पालकी की सज्जा भी मातृशक्ति द्वारा की जा रही है. जुलूस की सभी व्यवस्थाओं के लिए केन्द्रीय समिति के पूर्व अध्यक्षों सर्वश्री राम ऐरन, पी.डी. अग्रवाल, कुलभूषण कुक्की, विष्णु बिंदल, संतोष गोयल, किशोर गोयल, संजय बांकड़ा, अरविंद बागड़ी, गोविंद सिंघल एवं राजेश बंसल के मार्गदर्शन में अलग-अलग समितियां गठित कर उन्हें जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं.

एक नजर में | हंसदास मठ पर निशुल्क तर्पण अनुष्ठान का समापन, भागवताचार्य पं .पुष्पानंदन पवन तिवारी का सम्मान

# तर्पण हमारी श्रद्धा को व्यक्त करने का शास्त्रोक्त उपाय : पवनदास



**इंदौर. भारतीय संस्कृति सात जन्मों तक पुनर्जन्म में विश्वास रखती हैं. हमारे कर्मों के आधार पर ही मोक्ष की मंजिल तय होगी. भविष्य को संवारने के लिए वर्तमान में अपने प्रत्येक कर्म में अर्पण और समर्पण का भाव भी रखें, यही सबसे बड़ा तर्पण होगा. प्रसन्नता और शांति बाजार में नहीं मिलते. तर्पण हमारी श्रद्धा को व्यक्त करने का शास्त्रोक्त उपाय है जो स्वंय हमें भी मोक्ष की मंजिल तक ले जाता है. तर्पण में श्रद्धा के साथ अर्पण और समर्पण का भाव भी होना चाहिए.**

ये विचार हैं हंसदास मठ के महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के, जो उन्होंने एयरपोर्ट रोड स्थित हंसदास मठ पर श्रद्धा सुमन सेवा समिति की मेजबानी में आश्रम के अधिष्ठाता श्रीमहंत रामचरणदास महाराज के सानिध्य एवं प्रख्यात भागवताचार्य पं. पुष्पानंदन पवन तिवारी के निर्देशन में चल रहे 15 दिवसीय निशुल्क तर्पण अनुष्ठान के समापन तथा सर्वपितृ अमावस्या के उपलक्ष्य में आयोजित तर्पण अनुष्ठान में व्यक्त किए. इस अवसर पर महामंडलेश्वर नितिन दास महाराज सहित अनेक संत, महंत एवं विद्वतजन भी उपस्थित थे, जिन्होंने भगवान हरि विष्णु का पूजन कर अनुष्ठान का शुभारंभ किया. आज सर्वपितृ अमावस्या पर सुबह 7 बजे से ही साधकों का आगमन शुरू हो गया था. बढ़ती संख्या को देखते हुए समिति की ओर से दो पारियों में दो अलग-अलग हिस्सों में तर्पण की व्यवस्था की गई, जिसमें डेढ़ हजार से अधिक साधकों ने भाग लिया. आयोजन समिति की ओर से हरि अग्रवाल, राजेन्द्र सोनी, राजेन्द्र गर्ग, डॉ. चेतन सेठिया, चंद्रप्रकाश गुप्ता, मुरलीधर धामानी, सूरजसिंह राठौड़, हनुमानप्रसाद सारड़ीवाल, जगमोहन वर्मा, डॉ. बी.डी. खंडेलवाल, सीए सीताराम सोनी, शेखर गिरि, राजेश शर्मा, पुरुषोत्तम मेढ़तवाल, एडव्होकेट विकास गुप्ता, गिरधर सोनी, विजय प्रजापत तथा मातृशक्ति की ओर से सुश्री किरण ओझा, गीता शर्मा, पुष्पा यादव, राजकुमारी मिश्रा, लता सोनी, मंजू सोनी आदि ने अतिथियों एवं संतों का स्वागत किया.

### नई पीढ़ी को श्राद्ध पक्ष का महत्व बताएं

महामंडलेश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज ने कहा कि तर्पण किसी एक दिन अथवा श्राद्ध पक्ष में ही नहीं, बल्कि हर दिन होना चाहिए. हम अपने पूर्वजों को जब तक याद रखेंगे, उनके शुभाशीष हमारे साथ जुड़े रहेंगे. अपनी नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ना है तो उन्हें तर्पण और श्राद्ध पक्ष का महत्व बताना चाहिए. इस अवसर पर भागवताचार्य पं. पुष्पानंदन पवन तिवारी का आयोजन समिति की ओर से सभी पदाधिकारियों ने शाल-श्रीफल एवं साफा बांधकर सम्मान किया. संचालन राजेन्द्र सोनी ने किया. आभार माना हरि अग्रवाल ने.